“भारतीय भाषा उत्सव” कार्यक्रम की रिपोर्ट

शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा जारी एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव द्वारा अग्रसारित प्रपत्र के आधार पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा दिनाँक 17 दिसंबर, 2022 को तमिल महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में “भारतीय भाषा उत्सव” बड़े धूमधाम से मनाया गया. दीप-प्रज्ज्वलन के उपरांत आमंत्रित अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. हिन्दी विभाग की अतिथि प्रवक्ता सुश्री मनीषा पटेल ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया. इसके उपरांत एफ. डी. आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, अहमदाबाद से पधारे डॉ. रहमत अली सैयद ने “सुब्रह्मण्य भारती की कविता में देशभक्ति” विषय पर वक्तव्य दिया. उन्होंने सुब्रह्मण्य भारती के काव्य के राष्ट्रवादी तत्वों को उजागर किया और उनकी वंदेमातरम् कविता का पाठ भी किया. गुजराती विभाग के प्रवक्ता डॉ. राजेन्द्र रोहित ने “गुजराती नवल कथा के भाषिक संदर्भ” पर व्याख्यान दिया तो इतिहास विभाग के श्री वैभव महाजन ने “मराठी साहित्य के विकास में संतों का योगदान” विषय पर अपने विचार प्रकट किए. प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को भारत सरकार का सराहनीय प्रयास बताया. कार्यक्रम में कुल अट्ठारह विद्यार्थियों ने व्याख्यान दिए और कविताओं का पाठ भी किया. हिन्दी विभाग के प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. शहाबुद्दीन ने अतिथियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया. हिन्दी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों अलीना शेख़ और नीहा तूमड़ा ने मंच-संचालन किया तो निरंजना पटेल ने फोटोग्राफी का कार्य कुशलतापूर्वक अंजाम दिया. कुछ विद्यार्थियों ने पंजीकरण फॉर्म एवं उपस्थिति पत्रक भराने एवं जलपान की व्यवस्था में भी योगदान दिया.

Shahabuddin

डॉ. शहाबुद्दीन

प्रभारी, हिन्दी विभाग

Professor I/C. (Hindi)
DR. APJ ABDUL KALAM GOVT. COLLEGE,
Silvassa, DNH & DD.